## आवेदन पत्र (Application Form) ऑन लाईन भरने हेतु अभ्यर्थियों के लिये दिशा निर्देश

1. प्रवेश के आवेदन पत्र ऑनलाइन ही भरे जायेगें।
2. ऑनलाईन आवेदन पत्र (Application Form) Submit करने की अन्तिम तिथि 19 जुलाई, 2014 है।
3. अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन करने से पहले दिशा–निर्देशों का भली–भांति अवलोकन अवश्य कर लें जो विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध है। आवेदक वेबसाईट पर Application Form को Click कर सही प्रविष्ठियाँ भरें। अभ्यर्थी इस तथ्य को ध्यानपूर्वक नोट करें कि ऑनलाईन आवेदन पत्र में उसके द्वारा सभी प्रविष्ठियां सही अंकित की गई हैं।
4. अभ्यर्थी आवेदन प्रक्रिया हेतु Internet Explorer 6 & above browser का प्रयोग सुनिश्चित करें। अभ्यर्थी को ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय निम्न प्रक्रियाएं पूर्ण करनी है :–

**प्रथम चरण : आवेदन पत्र भरने के साथ आवेदन शुल्क 300 रूपये जमा कराने की प्रक्रिया :–**

- आवेदन पत्र भरने से पहले अभ्यर्थी को आवेदन शुल्क 300 रूपये राजस्थान सरकार द्वारा अधिकृत e-Mitra/CSC Kiosk के माध्यम से निर्धारित तिथि तक जमा कराने होगें।
- अभ्यर्थी कुल 310 रूपये अधिकृत e-Mitra/CSC Kiosk के माध्यम से जमा करायेंगे। इस राशि में से 10 रूपये e-Mitra/CSC Kiosk की सेवा शुल्क के होंगे। **उपरोक्त शुल्क का रिफन्ड नहीं होगा तथा इस राशि को भविष्य में समायोजित नहीं किया जायेगा।**
- अधिकृत e-Mitra/CSC Kiosk, 16 अंको का टोकन नम्बर उत्पन कर एक Compuer Generated Receipt जारी करेंगे जिसमें यह टोकन नम्बर प्रिन्ट होगा। यह Compuer Generated Receipt अभ्यर्थी को सुपूर्द कर दी जायेगी, जिसे अभ्यर्थी को सुरक्षित रखना होगा।
- ऑन लाईन आवेदन पत्र भरने के लिए अभ्यर्थी को वेबसाईट पर यह टोकन नम्बर तथा जन्म तिथि अंकित करना होगा।
- टोकन नम्बर के अभाव में अभ्यर्थी ऑन लाईन आवेदन पत्र नहीं भर सकेंगे।

**द्वितीय चरण : आवेदन पत्र भरने की प्रकिया प्रारम्भ करते समय निम्न सामग्री व दस्तावेज अभ्यर्थी के पास होने चाहिऐं:–**

- आवेदक अपनी पासपोर्ट साईज नवीनतम एवं रंगीन फोटो को Jpeg (Max. 50KB) फाईल फॉरमेट में स्कैन कर अपलोड करें।
- आवेदक काले पैन से किये गये अपने हस्ताक्षर को Jpeg (Max. 30KB) फाईल फॉरमेट में स्कैन कर अपलोड करें।
- सैकण्डरी परीक्षा की अंक तालिका, डिप्लोमा इंजीनियरिंग परीक्षा की अंक तालिका, सीनियर सैकण्डरी परीक्षा की अंक तालिका, आई.टी.आई. परीक्षा की अंक तालिका एवं आरक्षण सम्बन्धी आवश्यक प्रमाण पत्र।
- अभ्यर्थी अथवा निकटतम सम्बन्धी का मोबाईल नम्बर।

**तृतीय चरण : Online Application Form भरने हेतु की जाने वाली गतिविधियां :–**

- अभ्यर्थी उपरोक्त वेबसाईट में से कोई एक वेबसाईट पर Admission Form लिंक पर क्लिक करें।
- सैकण्डरी परीक्षा की अंक तालिका के अनुसार अभ्यर्थी अपना नाम, पिता का नाम एवं माता का नाम भर कर पासपोर्ट साईज स्केन फोटो एवं अपने स्केन हस्ताक्षर अपलोड कर Next बटन क्लिक करें।
- प्रविष्ठियां भरने के उपरान्त अभ्यर्थी सुनिश्चित करें कि वेबसाईट पर दिखने वाली फोटो एवं हस्ताक्षर स्वयं अभ्यर्थी के है तथा भरी गई प्रविष्ठियां सही है। फोटो एवं हस्ताक्षर में कोई बदलाव चाहते है तो Upload/Change Photo or Signature पर क्लिक कर अपलोड करें।

**चतुर्थ चरण : ऑनलाईन आवेदन पत्र (Online Application Form) भरने हेतु की जाने वाली गतिविधियां :–**

- सैकण्डरी परीक्षा की अंक तालिका, डिप्लोमा इंजीनियरिंग परीक्षा की अंक तालिका, सीनियर सैकण्डरी परीक्षा, की अंक तालिका, आई.टी.आई. परीक्षा की अंक तालिका एवं आरक्षण सम्बन्धी आवश्यक प्रमाण पत्र के अनुसार अभ्यर्थी प्रविष्टियां भरें।

- ऐसे अभ्यर्थी जिनका परीक्षा परिणाम Grade Point & CGPA में अंकित है, उन्हें अपना Roll Number सही भरना है तथा वे उन्हें अंकों में बदल कर अंकित करें जैसे –
  Maths में GP 7 है तो Max. Marks 10 एवं Marks Obtained में 7 प्रविष्ट करे, Science में GP 8 है तो Max. Marks 10 एवं Marks Obtained में 8 प्रविष्ट करें, CGPA में 8.8 तो Max. Marks 1000 एवं Marks Obtained में 88 प्रविष्ट करें।
- Declaration Check Box पर क्लिक कर Proceed बटन पर क्लिक करें।
- अभ्यर्थी समस्त अंकित सूचनाओं का एक बार पुनः अवलोकन करें एवं आश्वस्त होने के पश्चात ही Verify बटन पर क्लिक करें। Confirmation Page को पुनः देखें। आवश्यकता हो तो, Back बटन द्वारा पुनः सही प्रविष्टियां अंकित करें। तत्पश्चात ही Submit बटन पर क्लिक करें, क्योंकि Submit बटन पर क्लिक करने के पश्चात कोई भी प्रविष्टि बदली नहीं जा सकती है।

**पंचम चरण : आवेदन पत्र भरने के बाद निकाले जाने वाले प्रिन्ट :–**

- Submit बटन दबाने के बाद दो प्रिन्ट उपलब्ध होगें – आवेदन पत्र एवं महत्वपूर्ण तिथियां
- अभ्यर्थी यह सुनिश्चित कर ले कि Token Number तथा Application Form Number एक ही है।

**षष्टम चरण : आवेदन पत्र की हार्डकॉपी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज संयोजक, केन्द्रीय प्रवेश कार्यालय को भेजने का तरीका :–**

- सामान्य निर्देशों में चैकलिस्ट के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेजों यथा – आयु प्रमाण पत्र, सैकण्डरी परीक्षा की अंक तालिका, डिप्लोमा इंजीनियरिंग परीक्षा की अंक तालिका, सीनियर सैकण्डरी परीक्षा, की अंक तालिका, आई.टी.आई. परीक्षा की अंकतालिका, आरक्षण संबंधी आवश्यक प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र की सत्यापित फोटो प्रतिलिपियां आवेदन पत्र की हार्डकॉपी के साथ संलग्न करे।
- अभ्यर्थी निम्न क्रम में दस्तावेजों को संलग्न कर प्रेषित करें **(प्रत्येक संलग्नक पर 16 अंको का टोकन नम्बर इन्द्राज करें)–**
  1. e-Mitra/CSC Kiosk द्वारा जारी टोकन की प्रति
  2. आवेदन पत्र की हार्डकॉपी
  3. अन्य आवश्यक समस्त दस्तावेज
- अभ्यर्थी इन सभी की एक–एक फोटोप्रति अपने पास रखें।
- प्रवेश आवेदन शुल्क केवल e-Mitra/CSC Kiosk द्वारा ही जमा किया जायेगा। ध्यान रखें कि मनीऑर्डर/डी.डी./नकद द्वारा भेजा गया शुल्क मान्य नहीं होगा।
- आवश्यक दस्तावेजों की प्रतिलिपि तथा टोकन की प्रतिलिपि के साथ मूल आवेदन पत्र पर हस्ताक्षर कर निम्न पते पर आवश्यक रूप से स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट (कूरियर द्वारा नहीं) द्वारा भेजे :–

**संयोजक, केन्द्रीय प्रवेश एवं प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,**
**माखूपुरा, नसीराबाद रोड़, अजमेर – 305002, फोन नं. 0145–2695195**
**ईमेल : gpc.ajmer@gmail.com**

- आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज **उपरोक्त पते पर दिनांक 26.07.2014 की सांय 5.00 बजे तक पहुंच जाने चाहिये। 26.07.2014** को अवकाश होने की स्थिती में भी आवेदन पत्र स्वीकार किये जायेगें। अंतिम तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेगें।

**नोट** : सम्पूर्ण आवेदन पत्र की एक प्रतिलिपि अभ्यर्थी स्वयं के पास रखे। अभ्यर्थी इस बात का अवश्य ध्यान रखें कि चिन्हित फील्ड (*) को भरना आवश्यक (Mandatory) है।